छत्तीसगढ़ विधान सभा

पत्रक भाग - एक

संक्षिप्त कार्य विवरण

पंचम विधान सभा | नवम् सत्र | अंक-02

<u>रायपुर, मंगलवार, दिनांक 22 दिसम्बर, 2020</u>

(पौष-1, शक संवत् 1942)

विधान सभा पूर्वाह्न 11.03 बजे समवेत हुई।

(उपाध्यक्ष महोदय (श्री मनोज सिंह मण्डावी) पीठासीन हुए।)

1. निधन का उल्लेख

माननीय उपाध्यक्ष ने श्री मोतीलाल वोरा, अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के निधन पर शोकोद्गार व्यक्त किये।

श्री रविन्द्र चौबे, संसदीय कार्य मंत्री, श्री धरमलाल कौशिक, नेता प्रतिपक्ष, श्री भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, श्री धर्मजीत सिंह, सदस्य, श्री ताम्रध्वज साहू, गृह मंत्री, डॉ.रमन सिंह, सदस्य, श्री टी.एस.सिंहदेव, पंचायत मंत्री, श्री बृजमोहन अग्रवाल, सदस्य, श्री मोहम्मद अकबर, वन मंत्री, डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, स्कूल शिक्षा मंत्री, श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य, श्री अमरजीत भगत, खाद्य मंत्री, सदस्य-सर्वश्री धनेन्द्र साहू, पुन्नूलाल मोहले, अमितेश शुक्ला, श्री कवासी लखमा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, सदस्य-सर्वश्री अजय चन्द्राकर, नारायण चंदेल, शिवरतन शर्मा ने भी शोकोद्गार व्यक्त किए ।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगत को श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्त परिवार के लिये संवेदना प्रकट की गई ।

दिवंगत के सम्मान में अपराह्न 12.21 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार,दिनांक 23 दिसम्बर, 2020 (पौष 2, शक संवत् 1942) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई ।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा